# जरूरतमंद बालिका के विवाह में वैवाहिक सामग्री भेंट

**अजमेर,** (कासं)।राजस्थान समठा कल्याण संस्थान द्वारा पिछले कई वर्षो से जरूरतमंद, असहाये बालिकाओं के शुभ विवाह में आशीर्वाद सहित विवाहिक सामठाी भेट करते आ रही है, ऐसे ही दौराई ठााम के प्रभू दयाल की सुपुत्रि ज्योति मण्डावरिया के शुभ विवाह में आर्थिक सहयोग के रूप में वह समस्त सामठाी का वितरण किया गया जो दैनिक जीवन में उपयोग में आते है जैसे बर्तन, टेबल फैन, मिक्सा, प्रेस, सिलाई मशीन, एक जोड़ी चांदी की पायल, बिछिया, शृंगार पेटी, आदि का वितरण कर मानवीय राहत प्रदान की गयी।यह समस्त सामठिायां बालिका के पारिवारिक जीवन में लाभदायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में दौराई के सरपंच महोदय हंसराज चौधरी जी , उपसरपंच ब्रिजेश जी ने संस्था के कार्य सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम संस्था प्रतिनिधि प्रिया, महेश शामिल थे।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर अजमेर जिले मे एसडीएमसी ने राजस्थान में किया प्रथम स्थान हासिल किया

अजमेर, 22 मार्च (कासं)। अति जिला परियोजना समन्वयक समठा शिक्षा एकीकृत शिक्षा संकुल अजमेर मे स्टार प्रोजेक्ट अंतर्गत एसएमसी, एसडीएमसी पुरस्कार वितरण समारोह के क्रम में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समसा के द्वारा राज्य स्तरीय एसएमसी/एसडीएमसी पुरस्कार वितरण समारोह राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद में विद्यालय परिसर में एसडीएमसी सदस्यों द्वारा भामाशाह के सहयोग से विद्यालय के विकास कार्यों में योगदान स्कूल विकास के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर अजमेर जिले में एसडीएमसी में बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर एसडीएमसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का कादेड़ा केकड़ी एसएमसी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय को शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान द्वारा एक लाख पुरस्कार राशि विद्यालयों को दी गई ! वर्चुअल मीटिंग। आयोजित की गई समारोह में माननीय शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला शिक्षा राज्य मंत्री शहीदा खान राज्य परियोजना निदेशक डॉ मोहन यादव अतिरिक्त मुख्य सचिव सम्मिलित हुए, सहायक परियोजना समन्वयक दीपक सांवरिया द्वारा वर्चुअल मीटिंग का की गई, आदर्श नगर बालिका विद्यालय के एसडीएम सदस्य मनीष सेन व नौरतमल रेगर, शहिदा अलका वर्मा सचिव सीमा बारवरू राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कादेड़ा केकड़ी एसएमसी अध्यक्ष शिवराज माली, एसएमसी सदस्य कैलाश साहू, एसएमसी सदस्य शरद पारीक, सचिव प्रतिनिधि मीना कुमारी जांगिड़, वर्चुअल मीटिंग में उपस्थित रहे। शिक्षा मंत्री द्वारा एक लाख की पुरस्कार राशि विद्यालयों को दी गई और विजुअल मीटिंग में उपस्थित सभी को बधाई दी।

गौतम जयंती पर निकली शोभायात्रा : सरवाड़ में गुर्जर गौड़ ब्राहम्ण समाज द्वारा महर्षि गौतम ऋषि की जयंती धूमधाम से मनाई गई गुर्जर गौड़ समाज के मंत्री राजेन्द्र गौतम से मिली जानकारी के अनुसार गुर्जर गौड़ ब्राहम्ण समाज द्वारा महर्षि गौतम ऋषि की जयंती धूमधाम से मनाई गई महर्षि गौतम भगवान की जयंती पर जुलूस निकाला गया जो गौतम भवन से शुरू होकर हलवाई गली सदर बाजार बस स्टैंड होते हुए गौतम भवन आकर रुका जगह जगह पुष्प वर्षा की गई व सभी समाज बंधु भजन करते हुए व बच्चे नाचते गाते हुए चल रहे थे इससे पूर्व मंगलवार रात्रि को सुन्दरकांड का पाठ व भजन कीर्तन गौतम भवन में आयोजित हुआ इस अवसर पर किशन गोपाल पाण्डेता, द्वारका प्रसाद शर्मा ,कृष्ण गोपाल पंचोली ,भगवान भट्ट, भगवती प्रसाद जोशी, जमुना लाल शर्मा, गोविंद भट्ट, सत्यनारायण शर्मा, प्रेम नारायण पंचोली, अरुण शर्मा, राजेश शर्मा, रवि शर्मा, चेतन शर्मा, विनायक शर्मा आदि मौजूद थे।

## माता रानी की हुई घट स्थापना

**डीडवाना** । हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2080 की शुरूआत बुधवार से हुई जिसमें सभी जगह माता रानी की घट स्थापना की गई वैदिक मंत्रों के साथ में सभी जगह 9 दिवसीय नवरात्रों का शुभारंभ हुआ जिसमे चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवरात्रा,हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर के आदिसिद्ध स्थान राजा भर्तृहरि तपोस्थली जोगामंडी धाम में मां हिंगलाज माता के 9 दिवसीय नवचंडी हवन पूजन कार्यक्रम का विधि विधान से शुभारंभ किया गया पीर योगी महंत लक्ष्मण नाथ महाराज के सानिध्य में विद्वान पंडितों के द्वारा हिंगलाज माता की घट स्थापना की गई जिसमें अशोक व्यास, उमेश शास्त्री, कृष्णा शास्त्री द्वारा 9 दिन हवन पूजन कार्य किया जायेगा।

पंडित अशोक व्यास द्वारा नवरात्रा में पिछले 23 वर्षो से लगातार मां हिंगलाज माता के यज्ञ,हवन पूजन का कार्य किया जा रहा है ।पंडित अशोक व्यास नवरात्र में कर्नाटक से खास तौर पर इस कार्य हेतु डीडवाना प्रवास पर रहते हैं वैदिक मंत्रों के साथ हवन पूजन किया गया जोगा मंडी प्रांगण में यज्ञ का आयोजन भी हुआ जिसमें विद्वान पंडितों के द्वारा यज्ञ को संपन्न कराया ।

## राजकीय सेवा से बर्खास्त

**अजमेर**, जयपुर, । वनरक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण में दोषी पाए जाने पर अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में कार्यरत तकनीकी सहायक दीपक शर्मा को विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए बर्खास्त किया गया।

निगम के प्रबंध निदेशक श्री एन एस निर्वाण ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 12 नवंबर 2022 को वन रक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसके पेपर लीक प्रकरण में लिप्त एवं पुलिस अनुसंधान में दोषी पाए जाने पर निगम कर्मचारी दीपक शर्मा को राजकीय सेवा से बर्खास्त किया गया। उन्होंने बताया कि बर्खास्त कर्मचारी सहायक अभियंता (पवस) कार्यालय , अजमेर विद्युत वितरण निगम रेलमगरा, राजसमंद में तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत था।

## अहिंसा मार्च आज

**अजमेर**, (कासं)। शहीद दिवस पर गुरूवार को शहर में विविध आयोजन किए जाएंगे। शहर में अहिंसा मार्च, देशभक्ति गीत एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी।

## सार-समाचार

### शाहपुरा को जिला बनाने की बधाई

**शाहपुरा** (निस)। शाहपुरा बनेड़ा विधानसभा के विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल को शाहपुरा पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि धर्मराज चाड़ा के नेतृत्व में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद जाट पंचायत समिति सदस्य रामधन जाट, रामधन रैगर सुवालाल बावरी, राजेश कुमावत, मिश्री लाल रेगर सरपंच भागचंद चाड्डा, सत्यनारायण जाट, कालूराम जाट युवा कार्यकर्ता शौकीन गुर्जर सांवरलाल गोरा बेनाथ जाट ,हीरालाल गोदारा, हरि सिंह लामरोड ने कैलाश मेघवाल के सिविल लाइन जयपुर स्थित सरकारीआवास पर पहुंचकर माला व, साफा बंधवा कर मुंह मीठा करवा कर उनको जन्म दिवस की बधाई दी ,और उनके दीर्घायु होने की ईश्वर से मंगल कामना की। साथ ही सभी ने कैलाश मेघवाल को शाहपुरा को बजट सत्र में जिला घोषित करवाने व शाहपुरा के बाईपास सहित शाहपुरा की विकास मेंअपनी अहम भूमिका निभाने के लिए बधाई दी। मेघवाल ने सभी को आश्वस्त किया, कि वह इस बार भी शाहपुरा बनेड़ा विधानसभा से ही चुनाव लड़ेंगे और शाहपुरा की विकास को नई ऊंचाइयां देंगे।

### संगोष्ठी का आयोजन

**भीलवाडा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र मार्ग में बुधवार को स्टूडेंट पुलिस कैडेट एसपीसी की संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य डॉ. श्याम लाल खटीक ने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों को भारतीय सेना एवं पुलिस सेवा के कार्यों के बारें में विस्तार से बताते हुए भविष्य में इनमें केरियर बनाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। सिटी कोतवाली से नियुक्त कांस्टेबल अजय कुमार ने छात्रों को यातायात एवं पुलिस नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए अनुशासन एवं यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया। एसपीसी प्रभारी कालू सिंह चौहान ने छात्रों को स्टूडेंट पुलिस कैडेट में छात्रों को मानव सेवा में समर्पित रहने हेतु आव्हान किया एवं भेरूलाल नायक, व्याख्याता ने एसपीसी प्रमाण पत्र का महत्व समझाया।

## नव वर्ष की संध्या पर भव्य दीपदान

**ब्यावर** (निसं) चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नव वर्ष वुक्रम सम्वत 2080 यानि छत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर महर्षि दयानन्द सरस्वती वेन के साथ साथ छात्राओं द्वारा बिगुल के साथ बेंड अत्यंत रोमांचित कर देने वाला था। पूरा शहर भगवा झंडो से सुशोभित होकर न्य जोश और उत्साह भर रहा था। पुरे रास्ते हरे रामा हरे कृष्णा गाते हुए भक्त भी अपनी मस्ती में डूबकर नाच गान कर रहे थे। सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी की बेहद आकर्षक झांकी सजाई गई। भारत विकास परिषद,सीरवी समाज,पतंजलि योग पीठ द्वारा भी योग और आयुर्वेद पर आकर्षक झांकी सजाई गई थी। शहर के मुख्य मार्गो से निकला जुलुस ऐतिहासिक रहा जिसमे सर्व समाज के लोगो का अभूतपूर्वक सहयोग उत्साह के साथ देखा गया। पूर्व संध्या पर बिचडली तालाब पर डीप दान के कार्यक्रम में भी हज़ारो की संख्या में भक्त महिला पुरीष और बच्चे शामिल रहे।

### ज्ञापन सौंपा

**सरवाड़** (निसं)। भारतीय किसान संघ सरवाड़ तहसील कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन तहसील अध्यक्ष लक्ष्मण खारोल की अध्यक्षता में कृषि उपज मंडी सरवाड़ में आयोजित की गई इस बैठक में चित्तौड़ प्रांत के सहकारिता प्रमुख राजेंद्र कुमार शर्मा केकड़ी तहसील अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा ने भाग लिया इस बैठक में किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया तथा सभी किसान तहसीलदार सरवाड़ के माध्यम से जिला कलेक्टर अजमेर से मांग की।

## भाजपा 4 अप्रैल को भीलवाड़ा कलेक्टरेट का घेराव करेगी

**भीलवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन भीलवाडा द्वारा प्रदेश की कांठोस की जंगलराज सरकार के खिलाफ 4 अप्रेल को भीलवाड़ा में जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जायेगा। इसमें हजारों कार्यकर्ता पहुंचेगें। प्रदेश भाजपा संगठन के आ ान पर जिला जन आक्रोश महाघेराव 4 अप्रैल को भीलवाडा में होगा भीलवाडा जिले में 7 विधानसभाओं से लगभग 35000 जनप्रतिनिधि पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता कार्यकर्ता आमजन पीड़ित व्यक्ति सम्मिलित होंगे।

इसको लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व मे जन आक्रोश यात्रा ने पूरे जिले में कांग्रेस राज की पोल खोल जन जागरण का रूप ले लिया था। जिले की जन आक्रोश यात्रा में कुल 1813 चैपालें तथा 825 नुक्कड सभाएं हुई। जिसमें करीब 28000 आरोप पत्र एकत्र हुए जिन्हे भाजपा प्रदेश कार्यालय भिजवाये गये। जहाँ से राज्य सरकार को भेजे गये।

प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दामोदर अठावाल, नगर परिषद उपसभापति राम नाथ योगी, भाजपा जिला महामंत्री बाबूलाल टाक, भाजपा जिला प्रवक्ता कैलाश सोनी मोजूद थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस की जंगलराज, कुशासन और भ्रष्टाचार युक्त सरकार के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी, जिला संगठन भीलवाड़ा द्वारा जन आक्रोश महाघेराव के अन्तर्गत जिला कलेक्ट्रेट का घेराव 4 अप्रैल को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के नेतृत्व में किया जायेगा। जिसमें जिला संगठन, मण्डल, मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग, शक्ति केन्द्र, बूथ पदाधिकारी, समस्त जनप्रतिनिधी गण एवं कार्यकर्ता गण महाघेराव में धरना प्रदर्शन करेंगे तथा जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र दिया जायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली ने कहा कि पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों की वीरांगनाओं पर राज्य की कांठोस सरकार बड़ी क्रूरता कर रही है।

## न्यायालय का शैक्षिणक भ्रमण

**भीलवाड़ा।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंठोजी माध्यम) की बालिकाओं ने जिला एवं सेशन न्यायालय एवं अन्य न्यायालयों का बुधवार को शैक्षिणक भ्रमण करके विधिक जानकारी प्राप्त की।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजपाल सिंह ने बताया कि न्यायालय में भ्रमण के दौरान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अजय शर्मा द्वारा बच्चों को न्यायालयों के सामान्य कामकाज की जानकारी दी गयी, साथ ही बालिकाओं को बच्चों के संवैधानिक अधिकारों, महिलाओं, बालिकाओं, स्कूली विद्यार्थियों के विभिन्न कानूनी अधिकारों की जानकारी के साथ-साथ प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं जिसमें लोक अदालत में राजीनामे से प्रकरणों के निस्तारण, निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने तथा अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में विशिष्ट न्यायाधीश श्रीमती रविबाला सिंह, अधिवक्ता विनोद आचार्य, अध्यापक त्रिलोक चन्द्र शर्मा, राजेन्द्र कुमार आचार्य व अन्य अध्यापकगण उपस्थित थे।

## चेटीचंड महोत्सव का ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ

**बिजयनगर,** (निसं)। पूज्य सिंधी पंचायत व नवयुवक मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल के जन्मोत्सव चेटीचंड महोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम का ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ किया गया। पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष सुरेश रामचंदानी ने बताया कि दो दिवसीय चेटीचंड महोत्सव का बुधवार को विधि विधान एव गाजे बाजे के साथ झूलेलाल मन्दिर में ध्वजारोहण किया गया। मंदिर में स्थापित सिंधी समाज के इष्टदेव भगवानश्री झूलेलाल कामंत्रोच्चारण के साथ पंचामृत अभिषेक करते हुए छपन भोग चढ़ाकर प्रसाद वितरित किया गया । आयोजित कार्यक्रम में सिंधी समाज के प्रहलाद रायसिंघानी, टीकम हेमनानी, रमेश मोटवानी, सुरेश राम नानी, सुरेंद्र आसवानी, दीपक वाधवानी, रूपचंद रामनानी, साहिल आसवानी, मंयक आसवानी, गागन सोनी, नरेंद्र रामनानी, प्रदीप कुगंवानी, सन्नी कुगंवानी, मातृशक्ति भारती आसवानी, कंचन रामनानी, दुर्गा रामनानी व इशिका आसवानी सहित समाज के गणमान्य मौजूद रहे। गुरुवार प्रात: सिंधी नवयुवक मंडल के तत्वावधान में वाहन रैली निकाली जाएगी। शाम को चेटीचंड महोत्सव की शोभायात्रा पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास के साथ निकाली जाएगी।

1100 गोवंश का भरा पेट : लायंस क्लब अजमेर उमंग व गौ भक्त भामाशाह के सहयोग से 2500 किलो से अधिक सब्जियां विभिन्न गौ शालाओं में गौ माता को अपने हाथों से अर्पण की। क्लब अध्यक्ष ज्योत्सना जैन के अनुसार नव संवत वर्ष पर कुल तीन टेंपू 2515 किलो सब्जियों में से 800 किलो श्री आनंद गोपाल गौशाला बड़ी नागफनी पर, 815 किलो सब्जियां सीता गौ शाला पहाड़ गंज पर 900 किलो श्री पुष्कर आदि गौ शाला जनाना रोड पर अर्पण की गई। जिसमे समाज सेवी गौ भक्त इंदर चंद जी पोखरना, ओम प्रकाश जी लायन अशोक गर्ग गोटेवाला, एमजेएफ लायन महेंद्र जैन मित्तल, लायन सुषमा आरपी अठावाल, लोकेश कीर्ति पाटनी जोधपुर, अशोक शर्मा, कुलदीप सिंह रामगंज, महेश साखला बालाजी बिल्डर्स, लायन स्वाति सौरभ गुप्ता, हर्ष बंसल, अक्षय जैन, वैशाली जैन, लायन रामकिशोर गर्ग, लायन जेके जैन, लायन चंदा डोसी,गौ भक्त ओम प्रकाश जी मंगल, लायन हनुमान दयाल बंसल, किशन चंद जी मनीष बंसल, लायन नरेश ऐरन, राजेंद्र पाटनी, संजय अत्तार, श्री मति कुसुम जैन, लायन डॉ रश्मि अशोक शर्मा, सहित अनेक गौ भक्तो का सहयोग रहा। जिससे 1100 गौ वंश लाभान्वित हुआ।

सचिव संदीप दोसी ने बताया इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष लायन कमल शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष लॉयन निरंजन बंसल, लायन दीपक दोसी, राजेंद्र ठाडा, यश दोसी दर्श दोसी ने सब्जियों के छोटे छोटे टुकड़े कर सेवाएं दी।

## संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ

**अजमेर,** (कासं)। केंद्रीय कारागृह के बंदियों द्वारा संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ घाटी वाले बालाजी पर किया जायेगा। हिंदू युवा वाहिनी के द्वारा नवरात्रि में तीन दिवसीय सुंदरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया जायेगा इसके तहत प्रथम दिवस शनिवार को घाटी वाले बालाजी के यहाँ शाम चार बजे से दूसरे दिन रविवार को सीता राम जी के मंदिर बजरंग गढ़ चौराहा में शाम चार बजे से व अंतिम दिन सोमवार को केंद्रीय कारागृह में वहाँ के बंदियों द्वारा की जायेगी।

संस्था के ज़िला महामंत्री योगेश अठावाल ने बताया कि आज वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग , जिला अध्यक्ष हर्ष बंसल, ज़िला उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता के शिष्ट मंडल ने सेंट्रल जेल में जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल से मुलाक़ात की व उन्हें शाल माला पहना कर जेल में किये जा रहे नवाचारों की बधाई दी। इसके साथ ही 27 मार्च सोमवार को केंद्रीय कारागृह में सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराये जाने की चर्चा की।

## विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम

**अजमेर,** (कासं)। लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर बुधवार को क्रिश्चियन गंज राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

लायंस मार्केटिंग के डिस्ट्रिक चेयरपर्सन लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि विश्वा जल दिवस मनाए जाने का उद्देश्य स्वच्छ, शुद्ध व सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया। साथ ही जल सरंक्षण पर भी ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत की डिस्ट्रिक चेयरपर्सन लायन आभा गांधी ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्व में मीठे पानी की कमी को ध्यान में रख कर पानी को सही उपयोग में लेना चाहिए। विश्व में शुद्ध पानी की कमी पर जल सरंक्षण का महत्व बताते हुए साफ पीने योग्य जल का मितव्यवता से उपयोग करने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर छात्राओ को जल सरंक्षण संबंधित पेमलेट वितरित किए। मंच संचालन काजल खत्री ने किया तथा प्रधानाचार्य राजेश्वरी किशनानी ने आभार जताया।

## प्रबंध बोर्ड की बैठक आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर की प्रबंध बोर्ड की 104 वी बैठक बुधवार को कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई व निर्णय लिये गये। कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रबंध बोर्ड की 102 वी एवं 103 वी बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालना रिपोर्ट की पुष्टि की गई। वित्त समिति की 40वी बैठक 2 मार्च 2023 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। कार्मिकों को उनके पीएफ खाते में जमा राशि पर राज्य सरकार की तुलना में कम ब्याज दर मिलने के कारण कार्मिकों के लिए न्यूनतम ब्याज दर निर्धारित करने के लिए समिति का गठन किए जाने का निर्णय लिया गया।

## आर्य समाज का 149वां स्थापना दिवस आज

**अजमेर,** 22 मार्च (कासं)। स्वराज्य के प्रथम मंत्रदृष्टा, राष्ट्रीय पुनर्जागरण के पुरोधा, समठा क्रांति के अठादूत, वेदोद्धारक, आर्य समाज के संस्थापक ईष्वर के अनन्य भक्त, महान समाज सुधारक महर्षि दयानन्द सरस्वती जी द्वारा स्थापित आर्य समाज का 149वां स्थापना दिवस गुरूवार दिनांक 23 मार्च 2023 को आर्य समाज, दयानन्द बाल सदन, अजमेर के तत्वावधान में आचार्य अमर सिंह शास्त्री के ब्रह्मत्व में ब्रह्म एंव देव यज्ञ के साथ समारोहपूर्वक मनाया जायेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय ओम प्रकाष वर्मा (आर्य) कार्यकारी प्रधान, आर्य प्रतिनिधि सभा, राजस्थान, जयपुर करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वैदिक विद्वान आचार्य सूर्य प्रकाष शास्त्री होंगे। कार्यक्रम के दौरान कु. ललिता आर्य,पुष्पा क्षेत्रपाल एवं डॉ. मनीषा शास्त्री तथा दयानन्द बाल सदन, अजमेर के बालक-बालिकाओं द्वारा आर्य समाज पर्व से सम्बन्धित मनमोहक भजन प्रस्तुत किये जायेंगे।

## जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री दी

**अजमेर,** (कासं)। इदारा-ए-दावतुल हक संस्था ऊँटडा द्वारा रमजानुल मुबारक का महीना शुरू होने से पहले 300 गरीब व जरूरतमंद परिवारों और उलेमाओं को 2000 रूपये की खाद्य सामग्री के किट तथा 47 अनाथ व बेसहारा परिवारों को 3500 रूपये खाद्य सामग्री के किट और 200 परिवारों को आटा और खजूर वगैरह सामग्री दी गई। मौलाना अय्यूब कासमी ने बताया की रमजान का पवित्र माह सबको मानव सेवा प्रेम की शिक्षा देता है इस्लाम की सबसे पहली शिक्षा मानव सेवा है उसी के तहत संस्था द्वारा सभी समाजों के जरूरतमंद लोगों की सेवा की जा रही है

दावतुल हक हॉस्पिटल ऊँटडा ( इदारा-ए-दावतुल हक संस्था ) के तत्वावधान में आई ऑपरेशन केम्प का आयोजन किया गया जिसमें 345 के करीब मरीजों के आँखों की जाँच की गई जिसमें से 100 के करीब मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। चिन्हित किए गए मरीजों का अजमेर पंचशील में स्थित क्षेत्रपाल हॉस्पिटल में इनका ऑपरेशन किया जा रहा है।

### आम सूचना

मेरी माता श्रीमती लक्ष्मी बाई पत्नी स्व0 श्री देवीलाल जाति मेहतर का स्वर्गवास दिनांक 03.05.1973 को मेरे निवास स्थान पानी की टंकी के पास, हरिजन बस्ती, नया शहर, किशनगढ़ तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान पर हो गया है जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र पूर्व में नहीं बनवाया गया है, जिस हेतु तहसीलदार कार्यालय, किशनगढ़ मे आवेदन किया गया है. अत: जिस किसी भी व्यक्ति को इस बाबत कोई उजर ऐतराज अथवा आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर तहसीलदार कार्यालय, किशनगढ़ के कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करावे।

भवदीय- रमेश चंद जेदिया
पुत्र स्व0 श्री देवीलाल

### आम सूचना

मेरे पिताजी मोहनलाल शर्मा पुत्र मिश्रीलाल शर्मा जाति गुरु ब्राह्मण निवासी ग्राम इन्दौली की मृत्यु दिनांक 02/03/2002 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम इन्दौली में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत देवपुरी में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे पिताजी मोहनलाल गुरु ब्राह्मण का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी।

-प्रार्थी कृष्णगोपाल शर्मा पुत्र मोहनलाल गुरु ब्राह्मण उम्र 67 साल निवासी ग्राम इन्दौली तहसील अरांई ( अजमेर )

### आम सूचना

मेरी पुत्री संगीता जाति साद का स्वर्गवास दिनांक 30.05.1998 को बाल्यावस्था में मेरे निवास स्थान मैन रोड, सांवतसर, मदनगंज-किशनगढ़ तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान पर हो गया है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र पूर्व में नहीं बनवाया गया है. जिस हेतु तहसीलदार कार्यालय, किशनगढ़ में आवेदन किया गया है, अत: जिस किसी भी व्यक्ति को इस बाबत कोई उजर. ऐतराज अथवा आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर तहसीलदार कार्यालय, किशनगढ़ के कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करावे।

भवदीय
सत्यनारायण वैष्णव
पुत्र श्री श्रवण वैष्णव

### आम सूचना

मेरी माताजी श्रीमती चांद देवी शर्मा पत्नि मोहनलाल शर्मा जाति गुरु ब्राह्मण निवासी ग्राम इन्दौली की मृत्यु दिनांक 10/05/2000 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम इन्दौली में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत देवपुरी में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माताजी श्रीमती चांद देवी गुरु ब्राह्मण का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी।

-प्रार्थी कृष्णगोपाल शर्मा पुत्र मोहनलाल गुरु ब्राह्मण उम्र 67 साल निवासी ग्राम इन्दौली तहसील अरांई ( अजमेर )

### आम सूचना

मेरी दादीजी हरकू पत्नि मूला जाति बैरवा निवासी ग्राम गेहलपुर की मृत्यु दिनांक 05/01/2015 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम गेहलपुर में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत सिरोंज में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी दादीजी श्रीमती हरकू का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी।

-प्रार्थी रतनलाल पुत्र पांचूराम बैरवा उम्र 47 साल निवासी ग्राम गेहलपुर तहसील अरांई ( अजमेर )

### आम सूचना

मेरे दादाजी मिश्रीलाल पुत्र तेजमल जाति गुरु ब्राह्मण निवासी ग्राम इन्दौली की मृत्यु दिनांक 21/12/1979 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम इन्दौली में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत देवपुरी में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे दादाजी मिश्रीलाल गुरु ब्राह्मण का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी।

-प्रार्थी कृष्णगोपाल शर्मा पुत्र मोहनलाल गुरु ब्राह्मण उम्र 67 साल निवासी ग्राम इन्दौली तहसील अरांई ( अजमेर )

### आम सूचना

मेरी दादीजी श्रीमती राजीदेवी पत्नि मिश्रीलाल जाति गुरु ब्राह्मण निवासी ग्राम इन्दौली की मृत्यु दिनांक 18/1/1975 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम इन्दौली में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत देवपुरी में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी दादीजी श्रीमती राजीदेवी गुरु ब्राह्मण का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी।

-प्रार्थी कृष्णगोपाल शर्मा पुत्र मोहनलाल गुरु ब्राह्मण उम्र 67 साल निवासी ग्राम इन्दौली तहसील अरांई ( अजमेर )

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो**

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)
चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली – 110066
वेबसाइट: www.beeindia.gov.in दूरभाष: 011-26766700

**कृपया ध्यान दें: 14 अधिसूचित क्षेत्रों में ऊर्जा उपयोगकर्ता**

**ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 (2001 का 52) के तहत ऊर्जा खपत की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना**

निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों में ऊर्जा के सभी उपयोगकर्ता / उपयोगकर्ता-वर्ग, जिनकी वार्षिक ऊर्जा खपत निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों के विरुद्ध दर्शाई गई विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक है, को ऊर्जा संरक्षण अधिनियम (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ई), का.आ.394 (ई) दिनांक 12 मार्च, 2007, का.आ. 3542 (ई) दिनांक 29 दिसंबर, 2015, का.आ.1388(ई) दिनांक 02 मई, 2017 और का.आ. 2147 (अ) दिनांक 17 जून, 2020 का.आ. 3445 (ई) दिनांक 28 सितंबर, 2020, का.आ. 4165 (ई) दिनांक 07 सितंबर, 2022 के तहत नामित उपभोक्ताओं के रूप में अधिसूचित किया गया है।

| क्र. सं. | अधिसूचित क्षेत्र | मीट्रिक टन तेल के समतुल्य (एमटीओई) प्रति वर्ष ऊर्जा की न्यूनतम खपत |
|---|---|---|
| 1. | एल्यूमिनियम | 7,500 |
| 2. | सीमेंट | |
| | (क) एकीकृत सीमेंट यूनिट | 30,000 |
| | (ख) सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट | 10,000 |
| 3. | वाणिज्यिक भवन या स्थापनाएं | |
| | (क) होटल | 500 |
| | (ख) हवाई अड्डा | 500 |
| 4. | क्लोर-अल्कली | 12,000 |
| 5. | विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) | एस ई आर सी/जे ई आर सी द्वारा सभी लाइसेंस प्राप्त वितरण कंपनियां |
| 6. | उर्वरक | 30,000 |
| 7. | लौह और इस्पात | 20,000 |
| 8. | लुगदी और कागज | 20,000 |
| 9. | पेट्रोलियम रिफाइनरियां | 90,000 |
| 10. | पेट्रोरसायन यूनिटें जिनमें गैस क्रैकर या नेफ्था क्रैकर या दोनों शामिल हों | 1,00,000 |
| 11. | रेलवे | |
| | (क) सभी जोनल रेलवे (ट्रैक्शन) | 70,000 |
| | (ख) कार्यशालाएं | 750 |
| | (ग) रेलवे की 8 उत्पादन फैक्टरियां नामतः आईसीएफ आरसीएफ, सीएलडब्ल्यू, बीएलडब्ल्यू पीएलडब्ल्यू आरडब्ल्यूएफ, एमसीएफ और आरडब्ल्यूपी | - |
| 12. | वस्त्र | 3,000 |
| 13. | थर्मल पॉवर स्टेशन | 30,000 |
| 14. | पेट्रोकेमिकल विनिर्माण इकाइयां | |
| | (1)फाइबर इंटरमीडिएट | 50,000 |
| | (2) पॉलिमर | 10,000 |
| | (3) डिटर्जेंट इंटरमीडिएट | 9,000 |
| | (4) परफोर्मेंस प्लास्टिक | 3,000 |
| | (5) अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पाद | 6,000 |
| | (6) सिंथेटिक रबर | 15,000 |
| | (7) सुगंध | 20,000 |

केंद्र सरकार द्वारा का.आ.1409(ई) दिनांक 28 मार्च, 2018, का.आ. 1473(ई) दिनांक 29 मार्च, 2019, का.आ. 1254(ई) दिनांक 13 अप्रैल, 2020, का.आ. 4491(ई) दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 का.आ. 4552 (ई) दिनांक 26 सितंबर, 2022, को संबंधित नामित एजेंसी को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को एक प्रति के साथ, वार्षिक ऊर्जा खपत की स्थिति पर ऊर्जा प्रबंधक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले दो वर्षों अर्थात् 2021.22 और 2022.23 की रिपोट, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ठ) के तहत अधिसूचित प्रपत्र-1 में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है।

आवश्यक क्षेत्र लागू प्रो.फॉर्मा या प्रपत्र.1 की एक प्रति बीईई वेबसाइट: **https://beeindia.gov.in/content/pat-performa** से डाउनलोड की जा सकती है।

यदि कोई व्यक्ति 30 जून, 2023 तक वार्षिक खपत आदि की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो वह ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 26 के तहत दंड का भागी होगा।

अधिक जानकारी/प्रश्न के लिए कृपया हमसे 011.26766700 पर संपर्क करें या **newdc@beeindia.gov.in** पर मेल भेजें।

CBC 34106/12/0024/2223 | मिशन निदेशक, एनएमईईई

# कार्यालय नगरपरिषद कुचामन सिटी (नागौर)

Email :
eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in
munibkcity@gmail.com

01586-220022
01586-221526

क्रमांक :– न.प.कु. / 2022–23 / 7735 दिनांक :– 22.03.2023

## आपत्ति आमन्त्रण सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 में निम्न प्रयोजन के तहत निम्नांकित आवेदनकर्ताओं द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया हैं। इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशान की दिंनाक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां / कारण / विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं आवेदक के पक्ष में भूमि आवंटन पट्टा / जारीकर दिया जावेगा।

| क्र सं. | पत्रावली सं. | प्रयोजन | आवेदक का नाम / पिता का नाम व पता | क्षेत्रफल वर्ग गजमें | खसरानं., कॉलोनी / मौहल्ला का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1589/ 22-23 | 69–क | श्री माणकचन्द पुत्र मांगूराम रैगर | 143.47 | अम्बेडकर कॉलोनी |
| 2. | 1590/ 22-23 | 69–क | श्री लालचन्द पुत्र मांगूराम रैगर | 33.73 | अम्बेडकर कॉलोनी |
| 3. | 1591/ 22-23 | 69–क | श्री लालचन्द पुत्र मांगूराम रैगर | 118.81 | अम्बेडकर कॉलोनी |
| 4. | 1592/ 22-23 | 69–क | श्रीमती शान्तिदेवी पत्नी देवी दयाल माहेश्वरी | 109.73 | सरकारी अस्पताल के पास |
| 5. | 1593/ 22-23 | 69–क | श्रीमती सरला देवी पत्नी मांगीलाल माहेश्वरी | 109.73 | सरकारीअस्पताल के पास |
| 6. | 1594/ 22-23 | 69–क | श्री अब्दुल रसीद पुत्र अब्दुल सत्तार | 15.88 | कृषि मण्डी रोड़ |
| 7. | 1595/ 22-23 | 69–क | श्री अब्दुल रशीद, फयाज मोहम्मद, मो. जावेद, मो. नईम पुत्र अब्दुल सत्तार | 15.88 | कृषि मण्डी रोड़ |
| 8. | 1596/ 22-23 | 69–क | श्री अब्दुल रशीद, फयाज मोहम्मद, मो. जावेद, मो. नईम पुत्र अब्दुल सत्तार | 166.66 | कृषि मण्डी रोड़ |
| 9. | 1597/ 22-23 | 69–क | श्री चिंरजीलाल पुत्र चोतमल जैन | 387.34 | जैन कॉलोनी |
| 10. | 5776/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री सर्वेश्वरपुत्र सत्यनारायण मालू | 200.00 | 19, 20, 21, 22, 23, 29, 30, 31, हिंगलाज नगर |
| 11. | 5777/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री देवीलाल पुत्र तिलोक रामजाट | 167.11 | 3698 / 1649, सिकर रोड़ |
| 12. | 5778/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री देवीलाल पुत्र तिलोक रामजाट | 150.00 | 3698 / 1649, सिकर रोड़ |
| 13. | 5779/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री रवि मिश्रा पुत्र पवन कुमार मिश्रा | 631.02 | 547, 3015 / 538, कड़वा का बासड़ा के पास |
| 14. | 5780/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री आमिन पुत्र अब्दुल सकुर | 201.38 | 1721, दीपपुरा रोड़ |
| 15. | 5781/ 22-23 | कृषि नियमन | श्रीमती तेजल कंवर पत्नी विक्रम सिंह | 166.66 | 36, मानसी विहार, पनवाड़ी |
| 16. | 5782/ 22-23 | कृषि नियमन | श्रीमती मुकेश कंवर पत्नी सत्यजीत शेखावत | 166.66 | 36, मानसी विहार, पनवाड़ी |
| 17. | 5783/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री कैलाश पुत्र मूलाराम जाट | 133.33 | 1022, मदनमोहन नगर |
| 18. | 5784/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री रामनिवास पुत्र मंघाराम जाट | 66.66 | 1022, मदनमोहन नगर |
| 19. | 5785/ 22-23 | कृषि नियमन | श्रीमती पिंकी कंवर पत्नी तकदीर सिंह | 85.95 | 342 / 313, कुचामनवैली, पनवाड़ी |
| 20. | 5786/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री गौरव भाकर पुत्र राजपाल सिंह | 133.33 | 28,33,32,35, मानसी विहार कॉलोनी, पनवाडी |
| 21. | 5787/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री गिरधारीलाल पुत्र रामूराम कुमावत | 166.66 | 531, 532, शारदा होटल के पिछे |
| 22. | 5788/ 22-23 | कृषि नियमन | श्रीमती भाशिरानी पत्नी सत्यप्रकाश शर्मा | 125.00 | 427 / 236, पनवाड़ी |
| 23. | 5789/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री प्रहलाद राम पुत्र कुम्भाराम कुमावत | 166.66 | 531,532, शारदाहोटल के पिछे |
| 24. | 5790/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री नरेन्द्र प्रताप पुत्र गोविन्द सिंह | 150.00 | 28, 32, 33, 35, 36, मानसी विहार, पनवाड़ी |
| 25. | 5791/ 22-23 | कृषि नियमन | श्रीमती प्रेमदेवी पत्नी रतनलाल जांगिड़ | 177.77 | 119, रिद्वी सिद्वी विहार, सरगोठ |
| 26. | 5792/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री गजानन्द पुत्र चोथमल कुमावत | 166.66 | 531, 532, भारदानगर |
| 27. | 5793/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री बाबुलाल पुत्र रामपाल कुमावत | 369.44 | 2195, पदमपुरा रोड़ |
| 28. | 5794/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री आशीश पुत्र राजेन्द्र प्रसाद खण्डेलवाल | 144.44 | 2386, अपेक्स स्कुल के पास, स्टेशन रोड़ |
| 29. | 5795/ 22-23 | कृषि नियमन | श्रीमती चन्दादेवी पत्नी राकेश कुमार सैन | 179.44 | 3365 / 1151, आसपुरा रोड़ |
| 30. | 5796/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री आनन्द पुत्र राजकुमार सेठी | 478.91 | 2723 / 834, आदिनाथ कॉलोनी |
| 31. | 5797/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री राम निवास पुत्र श्रवणराम जाट | 166.66 | 36, मानसी विहार, पदमपुरा रोड़ |
| 32. | 5798/ 22-23 | कृषि नियमन | श्रीमती मनोज कंवर पत्नी मूलसिंह, | 160.00 | 180, वृन्दावन गार्डन के पिछे, बुड़सूरोड़ |
| 33. | 5799/ 22-23 | कृषि नियमन | श्रीसंजय कुमार पुत्र पदमचन्द जैन | 200.00 | 144, शिव नगर, पनवाड़ी |
| 34. | 5800/ 22-23 | कृषि नियमन | श्रीमती रीमा जैन पत्नी संजय कुमार जैन | 200.00 | 144, शिव नगर, पनवाड़ी |
| 35. | 5801/ 22-23 | कृषि नियमन | श्रीअजय कुमार पुत्र पदम कुमार जैन | 200.00 | 144, शिव नगर, पनवाड़ी |
| 36. | 5802/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री मुकेश राम पुत्र नानूराम जाट | 222.22 | 280 / 1, कृष्णा विहार कॉलानी, बुगालियाबास |
| 37. | 5803/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री रामकरण पुत्र लादूराम कुमावत | 373.99 | 2222, पूरोहीतो की कोठी |
| 38. | 5804/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री हीरालाल पुत्र लादूराम कुमावत | 234.15 | 2222, पूरोहीतो की कोठी |
| 39. | 5805/ 22-23 | कृषि नियमन | श्रीमती झणकारी देवी पत्नी हनुमानराम जाट | 133.29 | 3022 / 441, मधुवन वाटिका के पास |
| 40. | 5806/ 22-23 | कृषि नियमन | श्रीमती दुर्गादेवी पत्नी देवीलाल कुमावत | 526.28 | 720, बड़ला का बास के पास |
| 41. | 5807/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री कंचनलाल पुत्र राम किशनमीना | 133.33 | 427 / 236, पनवाड़ी |
| 42. | 5808/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री सुखवीर पुत्र हरदेवाराम जाट | 186.66 | 1336, चौधरीचरणसिंहन गर |
| 43. | 5809/ 22-23 | कृषि नियमन | श्री सुखवीर पुत्र हरदेवाराम जाट | 186.66 | 1336, चौधरीचरणसिंहन गर |
| 44. | 5810/ 22-23 | कृषि नियमन | श्रीमती दौलत बानो पत्नी गुलाब मोहम्मद | 222.31 | 1718, दीपपुरारोड़ |

शेष अगले पृष्ठ पर

